हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–231 : जौनपुर, गुरुवार 18 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यूपी में भगवा लहर का जलवा कायम : राष्ट्रीय फलक पर योगी जी का बढ़ेगा कद

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भगवा राजनीति का गढ़ बनने की दिशा में अग्रसर प्रतीत हो रहा है। 2014 लोकसभा चुनाव में मोदी लहर में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ पहली बार 73 सीटों पर विजय प्राप्त की थी, 2017 में भी पार्टी को प्रचंड विजय मिली और अब गोरक्षपीठ के महंत योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में जितने भी चुनाव हो रहे हैं हर चुनाव में भाजपा की लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ रहा है, 2017 में नगर निगम चुनाव, 2019 के लोकसभा चुनाव, 2022 के विधानसभा चुनाव और अब 2023 के नगर निकाय चुनावों ने तो एक नया अध्याय लिखा है। निकाय चुनाव 2023 में मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में भाजपा ने सभी 17 नगर निगमों औरउसके बाद नगर पंचायत और पालिका चुनावों में भी सीट व वोट प्रतिशत के हिसाब से अब तक की सबसे बड़ी जीत अर्जित कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। इसी समय हुए उपचुनावों में भाजपा ने सपा के मजबूत नेता आजम खां के अंतिम गढ़ को भी ध्वस्त कर दिया। भाजपा की इस विजय से विपक्षी दलों के उत्साह पर पानी फिर गया है और वह 2024 लोकसभा चुनावों की तैयारी में पिछड़ गये हैं वहीं भाजपा अपने सभी सहयोगी दलों के साथ सभी 80सीटों पर विजय का अभियान चलाने जा रही है। उत्तर प्रदेश में सभी 17 नगर निगमें में भाजपा को मिली विजय बहुत बड़ी है क्योंकि अब किसी भी नगर निगम में निगम संचालन करवाने के लिए निर्दलीय पार्षदों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। इस विजय के नायक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही हैं जिनकी नियत, नीति और कार्यशैली जनमानस को भा रही है। योगी आदित्यनाथ ने 13 दिनों में 43 जिलों में 50 जनसभाएं और कई रोड शो किये जिनमें नगरीय विकास तथा कानून व्यवस्था की स्थापना पर मुखर रूप से बात की गई । विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री का बयान, "मिटटी में मिला देंगे माफिया को" और उसके बाद कई खतरनाक माफियाओं पर कार्यवाही ने आमजन का योगी जी पर विश्वास बढ़ाया वहीं मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के तहत सपा, बसपा, कांग्रेस सहित सभी सेकुलर दलों के माफियाओं के साथ खड़े हो जाने ने योगी जी की साफ नियत का डंका बजा दिया। राजधानी लखनऊ से लेकर समस्त अवध,बंदेलखंड, पूर्व व पश्चिम के कई क्षेत्रों में भाजपा पार्षदों के कामकाज से जनता खुश नहीं थी लेकिन फिर भी प्रदेश की जनता ने पहली बार नगर निकाय चुनावों में भी कानून व्यवस्था के नाम पर कई मोहल्लों व गलियों में भाजपा को एकतरफा वोट दिया। भाजपा कार्यकर्ता निगम चुनावों में मतदाता को यह समझाने में कामयाब हो गये कि निर्दलीय व अन्य को पार्षदी के चुनाव में जिताने से कोई लाभ नहीं होने वाला क्योंकि जब एक ही दल का पार्षद विधायक व सांसद रहता है तो काम करने और करवाने में सामंजस्य बना रहता है। यह बात जनता समझी है और इसका परिणाम भी सामने आया उदहारण के रूप में लखनऊ जो कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी संसदीय क्षेत्र रहा है में एक बार फिर कमल खिला है और अबकी बार पिछली बार से भी अधिक वोट प्राप्त हुए हैं और पार्षद जीतने में कामयाब रहे हैं। मुख्यमंत्री का मानना है कि नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत सुशासन, विकास और भयमुक्त वातावरण का नतीजा है जिसे मतदाताओं ने जनादेश दिया है। उप्र में वृहद सांगठनिक ढांचे, समर्पित कार्यकर्ताओं की विशाल सेना और सुनियोजित रणनीति के बल पर भाजपा ने ऐतिहासिक विजय हासिल की है।भारतीय जनता पार्टी ने इन चुनावों में धर्म की ध्वजा पर सवार होकर जातियों का चक्रव्यूह भेदने में सफलता हासिल की है।सभी नगर निगमों में



संख्याबल के आधार पर चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाने का माद्दा रखने वाली जातियों पैठ बनाने के लिए पार्टी ने प्रभावी मतदाता सम्मेलन आयोजित किये जिसका असर दिखाई पड़ा है। कई सीटों पर बगावती लोगों ने भी अपने तेवर दिखाने के प्रयास किये जिन्हें समझाकर या तो बिठाया गया या फिर समय रहते उन पर कड़ी कार्यवाही की गयी जिसका असर भी परिणामों पर देखा गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मंत्रिमंडल के सभी सहयोगियों ने मिलकर एक कुशल रणनीति बनायी और प्रदेशभर का तूफानी दौरा किया। उम्मीदवार चयन से लेकर बूथ प्रबंधन की रणनीति को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारकर विपक्ष के मंसूबों पर पानी फेर दिया। 2023 में भाजपा ने 2017 के मुकाबले बहुत बढ़त बनाई है। वर्ष 2017 में बीजेपी ने 14 नगर निगमों में जीत हासिल की थी और वहीं 198 नगर पालिका परिषद में 70 पालिकाओं में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता था।इस बार भाजपा ने 199 में से 87 नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता है।वर्ष 2017 में भाजपा ने 438 नगर पंचायतों में से 100 पर चुनाव जीता था और इस बार भाजपा ने 544 नगर पंचायतों में से 191 पंचायतों में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता है।राजधानी लखनऊ के निगम इतिहास में पहली बार भाजपा के 80 पार्षद कमल खिलाने में कामयाब रहे हैं। भाजपा और अल्पसंख्यक समाज– भाजपा हिंदुत्व व राष्ट्रवाद की राजनीति के बीच अल्पसंख्यकों को भी राष्ट्रधारा में लाने का प्रयास कर रही है । इसके लिए भाजपा ने केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के सहारे पसमांदा समाज और गरीब मुस्लिम मतदाताओं के बीच अपनी पैठ बनाने में कुछ सफलता प्राप्त की है।प्रदेश की रानजीति में नगर निकाय चुनावों में भाजपा ने पहली बार 395 मुस्लिमों को टिकट दिया था और उसमें 54 मुस्लिम प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराया है। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली ने बताया कि भाजपा ने विभिन्न पदों के लिये 395 मुस्लिमों को टिकट दिया था जिसमें इनमें से 54 ने विजय प्राप्त की है।दो पार्षद नगर निगम में विजयी हुए, वहीं पांच ने नगर पंचायत अध्यक्ष और 35 ने नगर पंचायत सदस्य के पदों पर विजय प्राप्त की है।पार्षद पदों के लिये लखनऊ के हुसैनाबाद से लुबना अली खान और गोरखपुर से अकीकुल निशां को जीत मिली है। इसके अलावा कई मुस्लिम नगर पंचायत सदस्य भी चुनाव जीते हैं। इस बार निकाय चुनावों पर ओबीसी आरक्षण पर विवादों की छाया भी रही और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद नये परिसीमन और 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के साथ यह चुनाव संपन्न हुए हैं । राजनैतिक विष्लेषक अनुमान लगा रहे थे कि कहीं निगम चुनावों में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण और पसमांदा मुस्लिम समाज आदि का दांव भाजपा के लिये उल्टा न पड़ जाये किंतु उत्तर प्रदेश के लिए उपयोगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के नगर निकाय चुनावों में भगवा और कमल को निराश नहीं होना पड़ा। इस प्रचंड विजय के बद्द भारतीय जनता पार्टी के समक्ष बड़ी चुनौती जनमानस की उम्मीदों पर खरा उतरने की है।

## केन्द्र की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर ही गुजरता है –अशोक तिवारी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अशोक कुमार तिवारी राष्ट्रीय प्रवक्ता समाजवादी पार्टी ने कहा कि मोदी जी के प्रमुख चेहरे के साथ भाजपा के लगभग सभी कद्दावर चेहरों के पूरी ताकत झोंक कर जोरदार प्रचार के बावजूद मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार एवं नकारात्मक राजनीति से त्रस्त कर्नाटक की जनता द्वारा कर्नाटक में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को भारी बहुमत से सत्ता सौंपते ही देश भर मे भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। 2024 आम चुनाव में उत्तर प्रदेश में भी प्रदेश की जनता प्रदेश के प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जनसामान्य के विकास, समानता एवं सामाजिक न्याय की नीतियों को अपना भरपूर समर्थन देने जा रही है। मंहगाई, बेरोजगारी ,भ्रष्टाचार, झूठे आश्वासन व अन्याय से त्रस्त उत्तर प्रदेश की स्वाभिमानी जनता ने 2024 में भारी संख्या में सपा प्रत्याशियों को विजयी बनाकर केन्द्र में भाजपा की सत्ता को पलटने का संकल्प ले लिया है। गौरतलब है केन्द्र की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर ही गुजरता है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 21 मई 2023 में वादों के निस्तारण हेतु एम0ए0सी0टी0 की अंतिम प्री–ट्रायल बैठक आयोजित

जौनपुर सू.वि. : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी./सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रशान्त कुमार ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में 21 मई 2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिवक्तागण से विचार विमर्श हेतु प्री–ट्रायल की अंतिम बैठक श्री भुदेव गौतम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर की अध्यक्षता एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के तत्वावधान में आज 18 मई 2023 को न्यायालय/कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर में समय 11:00 बजे आयोजित की गयी। बैठक में विचार–विमर्श करते हुए श्री भुदेव गौतम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, जौनपुर द्वारा मोटर दुर्घटना दावा के अधिवक्ताओं को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित वादों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक




अदालत में सुलह–समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण कराये जाने का आह्वान किया गया तथा कहा गया कि समझौता पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रस्तुत कर वादों का निस्तारण कराया जा सकता है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप अधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। उनके द्वारा नियमानुसार पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर लोक अदालत हेतु गठित एम0ए0सी0टी0 पीठ के सदस्य अधिवक्ता श्री हिमांशु श्रीवास्तव व अन्य बीमा कम्पनी के अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## गला रेतकर युवक की हत्या : जफराबाद थाना क्षेत्र के रामदास पुर गांव के पास रेलवे ट्रैक के किनारे हुई घटना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद थाना क्षेत्र के रामदास पुर गांव में रेलवे पटरी के किनारे जलालपुर थाना क्षेत्र के इजरी गांव निवासी युवक की धारदार चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी गई। सुबह गांव वालों ने इसकी सूचना जफराबाद पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस हत्या में प्रयोग किए गए चाकू को पास से बरामद किया। डॉग स्क्वायड टीम बुलाई गई। मामले में पुलिस जांच पड़ताल में लगी हुई है। जलालपुर थाना क्षेत्र के इजरी गांव का युवक संदीप कुमार मिसिरपुर गांव में मिश्री लाल के घर आता जाता था। बुधवार को रात अपने मोटरसाइकिल वाहन से आया हुआ था। किसी कारण या रंजीस में युवक की गला रेत कर हत्या कर दी गई। युवक की हत्या मिश्रीलाल के घर में की गई। घर के अंदर भारी मात्रा में खून गिरा हुआ मिला है। उसके बाद उसको घर से लगभग 300 मीटर दूर रेलवे पटरी के किनारे तथा



उसके मोटरसाइकिल वाहन को भी फेंक दिया गया। डाग स्क्वायड युवक की लाश के बाद मिश्रीलाल के घर में पहुंचा जा भारी मात्रा में खून देखने को मिला मिश्रीलाल उसकी पत्नी प्रेमा देवी घर छोड़कर फरार पुलिस तीनों की तलाश कर रही है।

## अतीक–अशरफ हत्याकांड : तीनों शूटरों के खिलाफ एसआईटी ने जुटाए साक्ष्य : जल्द चार्जशीट की तैयारी

प्रयागराज ब्यूरो : पुलिस अभिरक्षा में हुए माफिया अतीक–अशरफ हत्याकांड की विवेचना में जुटे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने गिरफ्तार तीनों शूटरों के खिलाफ चश्मदीदों के बयान और वीडियो फुटेज के जरिये अहम सबूत जुटाए हैं। एसआईटी जल्द ही शूटरों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है। चर्चा है कि अगर विवेचना में कुछ छूट भी जाता है तो अदालत से अनुमति लेकर पूरक चार्जशीट दाखिल की जाएगी। अतीक–अशरफ की जिस तरह लाइव मीडिया कवरेज के दौरान पुलिस कस्टडी में हत्या हुई, उसके बाद एसआईटी को बहुत मशक्कत करने की जरूरत ही नहीं है। देश–दुनिया तक इसके वीडियो प्रसारित हुए और सबने लाइव–मर्डर देखा। इसके बाद एसआईटी को बयान आदि लेकर सिर्फ कड़ियां ही जोड़नी बची हैं। तीनों शूटरों ने भी मौके पर ही सरेंडर कर दिया था, इसलिए किसी अन्य की सीधी गिरफ्तारी भी शेष नहीं। इसी कारण घटना के चश्मदीदों के बयान के साथ ही सीन रीक्रिएशन, आरोपियों से पूछताछ, उनके बयान दर्ज करने आदि की कार्रवाई की जा चुकी है। घटना से जुड़े वैज्ञानिक साक्ष्य मसलन सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग व वीडियो फुटेज, फोरेंसिक रिपोर्ट आदि भी एकत्र किया जा चुका है। पिस्टल की बैलेस्टिक रिपोर्ट का इंतजार अफसरों को अभी शूटरों की पिस्टल की बैलिस्टिक रिपोर्ट का इंतजार है, जिससे यह भी तय हो जाएगा कि मौके से बरामद असलहों से ही हत्या की गई है। सूत्रों का कहना है कि शूटर लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्य के खिलाफ सारे सबूत खुद चीख–चीखकर



हकीकत बयानी कर रहे हैं। एसआईटी इसी आधार पर उनके खिलाफ चार्जशीट दायर करने की तैयारी में है। घटना से जुड़े अन्य राज का पता लगाने के लिए वह कोर्ट से पूरक चार्जशीट दाखिल करने की अनुमति मांग सकती है। अनुमति मिलने पर मामले की विवेचना जारी रखकर अन्य साक्ष्य जुटाए जा सकते हैं। हत्या किसने कराई एक कदम भी नहीं चल पाई एसआईटी यह तो बच्चों को भी पता है कि अतीक–अशरफ की हत्या तीन शूटरों ने की, लेकिन यह किसने कराई? यह वो सवाल है, जिसे पता करना ही एसआईटी की सबसे बड़ी चुनौती है। सूत्रों की मानें तो एसआईटी कितने ही दावे करे, लेकिन इस दिशा में एक कदम भी बढ़ती हुई नहीं दिख रही है। अभी तक की जांच से यह साफ हो चुका है कि इन शूटरों की हैसियत ऐसी कतई नहीं कि वो सात–आठ लाख रुपये मूल्य की विदेशी पिस्टल खरीद सकें। होटलों में ठहर सकें और किसी न्यूज चौनल का कैमरा–माइक लेकर पुलिस कस्टडी में हत्या की साजिश रच सकें। जाहिर है, इसके पीछे कोई बघ्ड़ा खिलाड़ी है। वो कौन है, इसे हर कोई जानना चाहता है।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

—संपादक

## तहसील बदलापुर में 20 मई को सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया जायेगा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में 20 मई, 2023 तृतीय शनिवार को तहसील बदलापुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। तहसील केराकत में मुख्य विकास अधिकारी, तहसील मड़ियाहूॅ में मुख्य राजस्व अधिकारी एवं तहसील मछलीशहर में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जायेगा। इसी प्रकार 03 जून 2023 को तहसील शाहगंज में जिलाधिकारी, तहसील बदलापुर में एडीएम, तहसील सदर में सीडीओ, तहसील मछलीशहर में सीआरओ, 17 जून 2023 को तहसील केराकत डीएम, तहसील बदलापुर में सीआरओ, तहसील शाहगंज में एडीएम, तहसील मड़ियाहूॅ में सीडीओ की अध्यक्षता में किया जायेगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को आयोजित कोविड–19 प्रोटोकाल के साथ कराया जाय। यदि उक्त निर्धारित किसी सम्पूर्ण समाधान दिवस को अवकाश पड जाता है तो सम्पूर्ण समाधान दिवस अगले कार्य दिवस को आयोजित किया जायेगा।

## चोरी की बाइक से भाग रहे प्रेमी जोड़े को लोगो ने दौड़ाकर पकड़ा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चोरी के बाइक से के साथ भाग रहे प्रेमी जोड़े को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा दिया है। सरपतहा थाना क्षेत्र के सुईथाकला गांव के (महुआतर ) निवासी अरुण बिंद



अपने बगल गांव की प्रेमिका को लेकर शाहगंज गया था शाहगंज से वापस लौटते समय शाहगंज थाना क्षेत्र के बड़ागांव बाजार के पहुंचा था तभी बूढ़ूपुर थाना सरपतहा निवासी प्रमोद बिंद की नजर बीते माह चोरीन हुई बाईक पर गई तो पीछा कर लिया करीब 15किलोमीटर दूर तक पीछा करते हुए लखनऊ बलिया राजमार्ग स्थित पिपरौल गांव के पास घेर कर पकड़ लिया दोनों को संभ्रांत लोगों के समझाने बुझाने के बाद दोनों प्रेमी जोड़े को मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। बीते 8 मई को बूढ़ूपुर से पिंटू बिंद निवासी महुआतर के यहा बारात आयी थी द्वार पूजा के दौरान उक्त बाइक चोरी हो गई थी जिसकी सूचना पीड़ित स्थानीय पुलिस को लिखित रूप से दिया भी था थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है प्रथम दृष्टया युवक युवती से बरामद की गई बाइक चोरी की बताई जा रही है जिसकी जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## विवाह के पहले कार्यक्रम के दौरान करंट लगने से देवर–भाभी की मौत

अयोध्या ब्यूरो : अयोध्या जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र के ग्राम उछाहपाली मजरे पूरे कुर्मी में बुधवार देर रात करंट लगने से देवर और भाभी की मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। इनायतनगर इंस्पेक्टर नीरज सिंह ने बताया कि बुधवार देर रात विवाह के पूर्व होने वाले गायन कार्यक्रम में पहनने के लिए बहू खुशबू तिवारी (28) पत्नी आशीष तिवारी कमरे में लोहे की आलमारी से कपड़ा निकालने गई थी। आलमारी में लगी लाइट का तार कहीं कट गया था जिसकी वजह से पहले से ही आलमारी में करंट आ गया था और वह आलमारी से चिपक गई। थोड़ी देर बाद जब महिला जमीन पर गिरी तो उसकी आवाज महिला के देवर सुनील तिवारी (25) पुत्र प्रमोद तिवारी ने सुना और वह महिला को उठाने लगा। इस दौरान उसका शरीर भी आलमारी से छू गया और उसे भी करंट ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। चीख–पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों ने बिजली आपूर्ति बंद करके दोनों को करंट से छुड़ाया और मिल्कीपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय में डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि तीन दिन बाद सोमवार को सुनील की शादी थी। शादी के पहले ही परिवार पर दुख का पहाड़ टूट गया और परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। मृत महिला खुशबू तिवारी का एक पांच साल का बेटा आरुष है। जो बार–बार मां के पास पहुंचकर मां को बुलाने की कोशिश कर रहा है। यह नजारा देखकर लोगों के आंखों से आंसू निकल जा रहे हैं। इनायतनगर इंस्पेक्टर नीरज सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

हमारे संकल्प वही हो जिनसे हमारा और दूसरों का कल्याण हों।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# सियासतदां हैं सिद्धारमैया

कर्नाटक में दोनों नेताओं ने मिलकर चुनाव लड़ा और पार्टी को जीत दिलाई। यह उनकी म्यूचुअल अंडरस्टैंडिंग थी कि आगे कैसे काम किया जाएगा। खैर, सिद्धारमैया के नाम पर कांग्रेस हाईकमान ने मुहर लगा दी है। सिद्धारमैया ही कर्नाटक के मुख्यमंत्री बनेंगे।

कर्नाटक की कमान सिद्धारमैया संभालेंगे। यह तय हो गया है। चुनाव नतीजे के आने के बाद से ही मीडिया ट्रॉयल शुरू हो गया था। मीडिया में यह शोर मचने लगा था कि मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर कर्नाटक में कांग्रेस फंस गई है। दोनों नेता सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार बगावती तेवर अपना रहे हैं। इस तरह की बातें खूब फैलाई जा रही थी। पर सच्चाई यह है कि ऐसा कुछ भी नहीं था।

सिद्धारमैया के नाम पर कांग्रेस हाईकमान ने लगाई मुहर

कर्नाटक में दोनों नेताओं ने मिलकर चुनाव लड़ा और पार्टी को जीत दिलाई। यह उनकी म्यूचुअल अंडरस्टैंडिंग थी कि आगे कैसे काम किया जाएगा। खैर, सिद्धारमैया के नाम पर कांग्रेस हाईकमान ने मुहर लगा दी है। सिद्धारमैया ही कर्नाटक के मुख्यमंत्री बनेंगे। आइए समझते हैं कि सिद्धारमैया में ऐसी क्या खास बात रही, जो पार्टी हाईकमान को पसंद आई।

सिद्धारमैया कांग्रेस के कर्नाटक में सबसे बड़े नेताओं में से एक हैं। उन्हें पहले दिन से ही मुख्यमंत्री पद का सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा था। सिद्धारमैया ने अपने राजनीतिक जीवन में 12 चुनाव लड़े और 9 में जीत हासिल की। सिद्धारमैया कर्नाटक में पहले भी मुख्यमंत्री रहे हैं। 1994 में जनता दल की सरकार में वे कर्नाटक के उप–मुख्यमंत्री भी रहे।

खड़गे के करीबी माने जाते हैं सिद्धारमैया

सिद्धारमैया की प्रशासनिक पकड़ अच्छी मानी जाती है। सिद्धारमैया भी डीके की तरह गांधी परिवार के करीबी माने जाते हैं। सिद्धारमैया को 2008 में जेडीएस से कांग्रेस में लाने में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अहम भूमिका मानी जाती है। ऐसे में वे खड़गे के काफी करीबी बताए जाते हैं।

सिद्धारमैया 2013 से 2018 तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री रहे। इस दौरान उन्होंने टीपू सुल्तान को कर्नाटक में नायक के तौर पर स्थापित करने की कोशिश की थी। इसे लेकर राष्ट्रीय स्तर पर काफी शोर मचा था। शायद यही वजह है कि मुस्लिम समुदाय में उनकी अच्छी पैठ बन गई, जो कांग्रेस के लिए वोट बैंक बन चुकी है। सिद्धारमैया कुरुबा समुदाय (ओबीसी) से आते हैं।

कर्नाटक में तीसरा बड़ा समुदाय है। इतना ही नहीं सिद्धारमैया राज्य के सबसे बड़े ओबीसी नेता माने जाते हैं। शिवकुमार की तुलना में सिद्धारमैया को ज्यादा बड़ा जन नेता माना जाता है। ये कुछ ऐसी बातें हैं, जिसे कांग्रेस हाईकमान नजरअंदाज नहीं कर सकता था। अंततः सिद्धारमैया के नाम पर सबकी मुहर लग गई।

दिलचस्प यह है कि कांग्रेस हाईकमान ने सिद्धारमैया की कुछ खामियों को भी नजरअंदाज किया है। इस मुख्य रूप से 2018 का चुनाव है। इस चुनाव में में सिद्धारमैया के नेतृत्व में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था। इस बार पार्टी ने सिद्धारमैया के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ा। वे शिवकुमार की तुलना में कम एक्टिव दिखे। सिद्धारमैया 76 साल के हैं।

अगर पार्टी भविष्य की राजनीति को देखकर युवा नेतृत्व पर भरोसा जताती तो सिद्धारमैया के मुख्यमंत्री बनने में उनकी उम्र रोड़ा बन सकती थी, लेकिन इस बात को भी नजरअंदाज किया गया। समझा जा रहा है कि कांग्रेस हाईकमान ने सिद्धारमैया के अनुभवी सियासतदान होने का लाभ दिया है। पार्टी को भरोसा है कि वे राज्य में कांग्रेस को और मजबूत बनाए रखने के लिए काम करेंगे। साथ ही अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस के प्रदर्शन को पहले से बेहतर बनाएंगे।

एक नजर कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार पर

अब चर्चा रनरअप रहे कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार (डोड्डालाहल्ली केम्पेगौड़ा शिवकुमार) की। डीके शिवकुमार बेहद विनम्र हैं और कांग्रेस हाईकमान के विश्वासपात्र भी। डीके शिवकुमार को जब कांग्रेस ने कर्नाटक का प्रदेश अध्यक्ष बनाया था, उस वक्त पार्टी अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही थी।

प्रदेश अध्यक्ष रहते शिवकुमार ने न सिर्फ पार्टी को खड़ा किया, बल्कि राज्य में पार्टी को पूर्ण बहुमत दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई। शिवकुमार कांग्रेस के वफादार हैं। वे 1989 से अब तक 8 बार विधायक बन चुके हैं। डीके वोक्कालिगा समुदाय के सबसे बड़े नेताओं में से एक माने जाते हैं। इस समुदाय का कर्नाटक में 50 सीटों पर प्रभाव माना जाता है।

राहुल, सोनिया और प्रियंका गाधी के पसंदीदा

डीके गांधी परिवार के करीबी माने जाते हैं। राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी उन्हें पसंद करते हैं। जब शिवकुमार को ईडी ने गिरफ्तार किया था, तब सोनिया गांधी उनसे मिलने पहुंची थीं। डीके शिवकुमार को संकटमोचक भी कहा जाता है। जब कर्नाटक में ऑपरेशन लोटस हुआ था, तब उन्होंने कांग्रेस विधायकों को एकजुट रखने के लिए पूरी जान लगा दी थी।

इतना ही नहीं जब कांग्रेस शासित अन्य राज्यों में भी संकट आया, तब शिवकुमार ने अहम भूमिका निभाई। उनकी देखरेख में ही कांग्रेस विधायकों को रिजॉर्ट में ठहराया गया। शिवकुमार सबसे अमीर विधायक हैं। उनके पास 1214 करोड़ रुपये की संपत्ति है। कांग्रेस नेतृत्व जानता है कि शिवकुमार पर दूसरे राज्यों में चुनाव लड़ने और आने वाले लोकसभा चुनावों के लिए धन जुटाने के लिए भरोसा किया जा सकता है।

सीएम न बनाने के पीछे क्या ये है वजह?

जानकारों का कहना है कि डीके के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हैं। वे जेल भी जा चुके हैं। उनके खिलाफ कई मामलों में जांच चल रही है। ऐसे में कांग्रेस अगर उन्हें मुख्यमंत्री बनाती तो बीजेपी इसे मुद्दा बना सकती थी, क्योंकि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान भ्रष्टाचार को लेकर बोम्मई सरकार पर जमकर हमला बोला था। डीके अभी एक भी बार सीएम नहीं बने हैं। हालांकि, वे मंत्री रहे हैं। ऐसे में उनके पास प्रशासनिक अनुभव नहीं है।

इतना ही नहीं राज्य में उनकी लोकप्रियता सिद्धारमैया की तुलना में कम है। हालांकि, मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर डीके ने पहले ही यह स्पष्ट कर दिया था कि उन्हें कुर्सी का कोई मोह नहीं है। पार्टी हाईकमान जो भी फैसला लेगा, उन्हें मंजूर है। बहरहाल, सिद्धारमैया कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री बनेंगे। अब देखना यह है कि आगे क्या होता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## कोख के हत्यारेः गर्भपात की सूचना पर छापेमारी : ट्रे में रखा पांच माह का भ्रूण देख हैरान रह गई टीम

आगरा ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के आगरा में गर्भपात की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की है। यहां बाह कस्बा स्थित न्यू प्रतिज्ञा हॉस्पिटल में गर्भपात की शिकायत पर बुधवार की रात स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मारा। मौके पर पांच माह का भ्रूण मिलने से टीम हैरत में पड़ गई। टीम ने हॉस्पिटल को सील कर दिया है। बाह के कैंजरा मोड़ तिराहा स्थित न्यू प्रतिज्ञा हॉस्पिटल में गर्भपात की सूचना स्वास्थ्य विभाग को मिली थी। ट्रे में पांच माह का भ्रूण रखा मिला सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव के निर्देश पर सीएचसी अधीक्षक डॉ जितेंद्र वर्मा ने बुधवार की रात हॉस्पिटल में छापा मारा। टीम को मौके पर ट्रे में पांच माह का भ्रूण मिला। जिस महिला का गर्भपात हुआ, वह भर्ती मिली। अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल में भर्ती महिला नंदगांव की मान देवी ने बताया कि तीन–चार दिन से पेट में दर्द हो रहा था। बुधवार की शाम हालत बिगड़ने पर परिजन यहां लाए थे। यहां कम दिनों पर मृत बच्चा पैदा हुआ। गर्भपात की सूचना पर की गई छापेमारी मौके पर टीम को गर्भपात की दवाएं एवं उपकरण मिले हैं। जिन्हें जब्त कर सील कर दिया है। टीम के बुलावे पर इंस्पेक्टर बाह संजीव शर्मा भी पुलिस के साथ पहुंच गए, लेकिन परिजनों ने भ्रूण का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।



सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि गर्भपात की सूचना पर छापेमारी की थी। इस दौरान भ्रूण मिला, गर्भपात की दवा एवं उपकरण भी मिले हैं। पूरी रिपोर्ट सीएमओ को भेजी जाएगी। 10 दिन पहले गर्भपात में गई थी महिला की जान पेट दर्द होने पर सात मई की रात इलाज के लिए जरार की गर्भवती रेशमा झोलाछाप दंपती नरायनदास और सरोज के यहां पहुंची थी। झोलाछाप ने डेढ़ माह के भ्रूण की सफाई कर दी। लापरवाही से हुए इलाज में रेशमा की जान चली गई थी। झोलाछाप दंपती क्लीनिक बंद कर भाग गया था। मृतका के पति राजू ने झोलाछाप दंपती के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। तब से झोलाछाप दंपती फरार हैं। क्लीनिक पर ताला लटका हुआ है।

## 12 अक्टूबर से 17 नवंबर 2023 तक होगा देश के सबसे बड़े भव्य इंडिया ज्वेलरी शॉपिंग फेस्टिवल (आईजेएसएफ) का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रत्न और आभूषण उद्योग की शीर्ष संस्था ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) देश के सबसे बड़े और अनूठे इंडिया ज्वैलरी शॉपिंग फेस्टिवल (आईजेएसएफ) का आयोजन करने जा रही है। इसमें देश भर में सोने के आभूषणों की बिक्री को बढ़ाने के लिए बी2बी और बी2सी की वैल्यू चेन शामिल है। आईडीटी जेमोलॉजिकल लेबोरेटरीज वर्ल्डवाइड इंडिया ज्वैलरी शॉपिंग फेस्टिवल (आईजेएसएफ) का टाइटल पार्टनर है। आगामी इंडिया ज्वैलरी शॉपिंग फेस्टिवल को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह न केवल आभूषण व्यापार को बढ़ाएगा बल्कि साथ ही ज्वैलर्स और उनके उच्च गुणवत्ता वाले आभूषणों में ग्राहकों का भरोसा और विश्वास बहाल करने में सहायक सिद्ध होगा। इससे आभूषणों को एक सुरक्षित और टिकाऊ निवेश के विकल्प के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। इससे समग्र रूप से सामाजिक सुरक्षा की भावना की वृद्धि में योगदान भी मिलेगा। होलसेलर, मैन्युफैक्चरर्स, रिटेलर्स को इस योजना में भाग लेने के लिए नामांकन करना होगा। उन्हें अपनी चुनी हुई मेंबरशिप सब्सक्रिप्शन के आधार पर जीजेसी से मुफ्त उपहार वाउचर मिलेंगे। ये वाउचर उपभोक्ताओं को दिए जाएंगे। ध25,000 रुपये या उससे अधिक की हर खरीदारी पर उपभोक्ताओं को एक वाउचर दिया जाएगा। इस योजना में ग्राहक को प्राप्त होने वाले प्रत्येक मानार्थ उपहार वाउचर के आधार पर सुनिश्चित पुरस्कार देना शामिल है, ये वाउचर उपभोक्ताओं को अलग से आयोजित की जाने वाली आवधिक चयन प्रक्रियाओं में भाग लेकर उन्हें अतिरिक्त पुरस्कार के हकदार बनाते हैं। इसकी चयन प्रक्रिया जीजेसी द्वारा निर्धारित 5,000 कूपन के सेट पर आधारित होगी। एक सुनिश्चित उपहार के रूप में, ग्राहकों को भारत के 75 साल के अमृत महोत्सव को समर्पित एक सीमित संस्करण चांदी का सिक्का प्राप्त होगा। इसके अलावा, एक निश्चित तिथि और समय पर राष्ट्रीय स्तर की अंतिम चयन प्रक्रिया आयोजित होगी। आईजेसएसएफ का लक्ष्य इस योजना के माध्यम से 5 मिलियन उपभोक्ताओं तक पहुंचना है। फेस्टिवल के दौरान प्राप्त राजस्व का लगभग 35–38: पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा और लगभग 40: मीडिया और मार्केटिंग के लिए आवंटित किया जाएगा। जीजेसी ने ईवाई को डेटा गोपनीयता की गारंटी सुनिश्चित करने और पुरस्कारों के लिए निष्पक्ष चयन प्रक्रिया के लिए सलाहकार के रूप में चुना है। इस प्रक्रिया की देखरेख के लिए भी स्वतंत्र और निष्पक्ष व्यक्तियों को नियुक्त किया गया। आईजेएसएफ डिजिटल रूप से जारी किए गए प्रत्येक कूपन के साथ निश्चित उपहार के रूप में चांदी के सिक्कों के सीमित संस्करण की खरीद करने जा रहा है। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से सम्पन्न होगी। पुरस्कार की एक अन्य श्रेणी पीरियोडिकल ड्रा के रूप में 5,000 कूपन के प्रत्येक सेट पर 25 ग्राम सोने का सिक्का रखा गया है। बंपर पुरस्कार श्रेणी में, आयोजकों ने एक किलो सोने के पांच पुरस्कार प्रस्तावित किए हैं, जिनमें से एक पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर के लिए और चार क्षेत्रीय स्तर के लिए निर्धारित किए गए हैं।जीजेसी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच हासिल करने के लिएप्रचार के हिस्से के रूप में आईजेएसएफ प्रमोशन के दौरान में भारत के 8 शहरों में प्रदर्शनियों




का आयोजन कर रहा है। इन प्रदर्शनियों के लिए 60 असाधारण भारतीय आभूषणों का अधिग्रहण या निर्माण किया जाएगा। इन आभूषणों में से इतिहासकार भारत की शिल्प कौशल, विरासत, कला और संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले 30 आभूषणों का चयन करेंगे। शेष 30 पीस जेनरेशन– जेड पीढ़ी की आकांक्षाओं और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए आधुनिक ज्वैलरी स्टाइल को दर्शाएंगे। इंडस्ट्री के शीर्ष डिजाइनर इन डिजाइनों का गढ़ेंगे, जिन्हें भारतीय कौशल से तैयार किया जाएगा। प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को प्रदर्शित आभूषणों के बारे में पर्याप्त जानकारी मिलेगी। इस योजना अवधि के दौरान कला, संस्कृति और विरासत के आभूषणों के 30 पीसेज की नीलामी भी की जाएगी। नीलामी से प्राप्त आय का उपयोग भारत सरकार द्वारा किए जा रहे सामाजिक पहल के कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा। जीजेसी भारत में ''आभूषण पर्यटन'' को विकसित करने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, जीजेसी उन अंतर्राष्ट्रीय ट्रैवलर्स को सब्सिडी प्रदान करेगा जो आभूषण की खरीदारी के लिए भारत आएंगे। जीजेसी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए ट्रैवल एजेंट्स के साथ मिलकर काम कर रही है और उनके द्वारा दिए जाने वाले तौर पैकेज को आईजेएसएफ द्वारा सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल के चेयरमैन श्री सैयम मेहरा ने कहा, ''आईजेएसएफ भारत का सबसे बड़ा ज्वैलरी फेस्टिवल है और इंडस्ट्री के पूरे वैल्यू चेन में यह अपने आप में एक अनूठी पहल है। पांच सप्ताह तक चलने वाला यह आयोजन त्योहारी और शादी के मौसम के दौरान होगा, जो निश्चित रूप से ग्राहकों को आकर्षित करेगा और पूरे भारत में रिटेल ज्वेलरी के सेगमेंट को मजबूती प्रदान करेगा। आईजेएसएफ के संयोजक और जीजेसी के निदेशक दिनेश जैन ने कहा, ''आईजेएसएफ ज्वेलरी में लोगों की रुचि बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचेगा। जिससे यह सभी के लिए सुलभ हो सकेगा और सबकी भागीदारी बढ़ेगी। यह कार्यक्रम एक एप के माध्यम से डिजिटली डिजाइन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों में ज्वैलर्स और उनके आभूषणों की क्वालिटी के प्रति विश्वास बढ़ाना है। इस आयोजन से प्राप्त राजस्व का लगभग 35–38: पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा और लगभग 40: मीडिया और मार्केटिंग के लिए उपयोग किया जाएगा।'' राजेश रोकड़े, वाइस चेयरमैन, ने कहा, ''आईजेसएफ के पास बीतूबी और बीटूसी का एक अनूठा संयोजन है। इसका उद्देश्य आभूषणों के उत्पादन और वितरण में शामिल लोगों सहित आभूषण उद्योग के सभी प्रतिभागियों को एक साथ एक मंच पर लाना है। इस महोत्सव में रचनात्मक रूप से डिजाइन किए गए हजारों आभूषणों का प्रदर्शन होगा। इस आयोजन के केंद्रबिंदु में उपभोक्ताओं के साथ साथ आभूषणों के बड़े व्यापारी और वितरक भी होंगे।'' आईजेएसएफ के संयुक्त संयोजक श्री मनोज झा ने कहा, ''उपभोक्ता जड़ाऊ और टेंपल ज्वैलरी दोनों में 10–10 लाख रुपये के 5 पुरस्कार जीतने में अवसर पा सकेंगे और हीरे व कीमती रत्न जड़ित श्रेणी में 5–5 लाख रुपये के 10 पुरस्कार जीतने का भी अवसर प्राप्त करेंगे।

## कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से राजेश लिलोठिया का किया सम्मान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय नई दिल्ली। अनुसूचित जाति विभाग, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय में उत्तर–पश्चिम लोकसभा क्षेत्र दिल्ली के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से राजेश लिलोठिया ,चेयरमैन अनुसूचित जाति विभाग, एआईसीसी अथक प्रयासों से कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत एवं सुभाष भारद्वाज को उत्तर–पश्चिम लोकसभा क्षेत्र का एलडीएम कोऑर्डिनेटर, एआईसीसी बनाने पर धन्यवाद किया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने खुशी से एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और फूल मालाओं से राजेश लिलोठिया का सम्मान किया। जब से कांग्रेस पार्टी की कर्नाटक में विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत हुई है तब से पूरे देश से कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता दिल्ली आकर कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग के ऑफिस में आकर राजेश लिलोठिया लोठिया का सम्मान और धन्यवाद कर रहे हैं। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजेश लिलोठिया ने



कहा कि अब हमें लोकसभा चुनाव 2014 के लिए तैयार रहना चाहिए। कर्नाटक चुनाव से यह साफ हो गया है कि नरेंद्र मोदी, भाजपा और आर एस एस की धर्म आधारित फूट डालो और शासन करो की राजनीति से अब जनता परेशान हो गई है। कर्नाटक की हार नरेंद्र मोदी की हार है और कर्नाटक की जीत राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ,श्रीमती सोनिया गांधी , हमारे लोकप्रिय जन नेता राहुल गांधी , श्रीमती प्रियंका गांधी बढेरा और कर्नाटक की जनता की जीत है।

## ससुराल बना यातनागृह : विदेश में शौहर तो देवर की बुरी नीयत : पति और सास–ससुर देते साथ

मुरादाबाद ब्यूरो : मुरादाबाद के मैनाठेर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला को सऊदी अरब में रह रहे पति ने फोन पर तीन तलाक देकर संबंध खत्म कर लिए। इस मामले में पीड़िता ने पति समेत छह के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जिसमें पति पर तीन तलाक, देवर पर छेड़खानी और अन्य ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि 29 जून 2020 को उसकी शादी हापुड़ जनपद के गढ़मुक्श्तेवर थाना क्षेत्र निवासी युवक के साथ हुई थी। युवक सऊदी अरब में नौकरी करता है। पीड़िता का कहना है कि शादी में उसके मायके वालों ने काफी दान दहेज दिया था, लेकिन पति, देवर, सास ससुर और ननद व ननदोई शादी में मिले दहेज से नाखुश थे। उन्होंने शादी के बाद से ही उसका तरह–तरह से उत्पीड़न करना शुरू कर दिया था। महिला का कहना है कि पति के सऊदी अरब जाने के बाद देवर उस पर बुरी नजर रखने लगा। कई बार आरोपी देवर ने उसके साथ छेड़खानी की। बदनामी के डर में पीड़िता ने आरोपी की हरकतों को नजर अंदाज किया, लेकिन उसकी हरकतें बढ़ती जा रही थीं। 21 अप्रैल 2023 की शाम करीब चार महिला अपने कमरे में मौजूद थी। उस वक्त परिवार के अन्य लोग बाहर गए थे। इसी दौरान आरोपी देवर कमरे में आ गया और उसने पीड़िता से छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपी ने उसे



पीटा और जान से मारने की धमकी दी। उसने इस मामले की शिकायत सास–ससुर, ननद ननदोई से शिकायत की। इससे ससुराल वाले भड़क गए और उन्होंने पीड़िता को बंधक बनाकर बुरी तरह पीटा। सास और ननद ने गला दबाकर उसे जान से मारने की कोशिश की। शोर शराबा होने पर आस पड़ोस के लोग आ गए और उन्होंने उसे बंधक मुक्त कराया। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत फोन पर अपने पति से की। तब पति ने उसकी एक नहीं सुनी और उलटा उसे ही बुरा भला कहा। इसी दौरान आरोपी ने सऊदी अरब से ही फोन पर तीन तलाक बोल कर संबंध खत्म कर लिए। इसके बाद ससुराल वालों ने पीड़िता को घर से बाहर निकाल दिया। पीड़ित अपने मायके पहुंची और आपबीती सुनाई। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ऑपरेशन नारकोस का किया गया संचालन



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यात्री सेवा में पूर्ण निष्ठा के साथ सदैव तत्पर रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत दिनांक 17.05.23 को मंडल के वाराणसी जं. (कैंट) स्टेशनों पर ऑपरेशन नारकोस का संचालन करते हुए इसके तहत निम्न गतिविधि को सफलतापूर्वक संचालित किया गया जिसका ब्यौरा निम्नवत है :– दिनांक 17.05.2023 को मंडल के वाराणसी जं.(कैंट) स्टेशन पर ऑन ड्यूटी रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारी सर्कुलेटिंग एरिया में चोरी की घटनाओ की रोकथाम एवं अपराधियो/वारण्टियों की गिरफ्तारी व बरामदगी ड्यूटी में तैनात थे तभी विश्वस्त सूत्रों के आधार पर उनको ज्ञात हुआ कि डेमो इंजन के पास तीन व्यक्ति संदिग्धावस्थ में खड़े हैं एवं आने जाने यात्रियों को कुछ बेचने का प्रयास कर रहे हैं । सूचना को पाते ही कर्मचारियों द्वारा तत्काल उस स्थान पर पहुंचकर उक्त तीनों व्यक्तियों को पकड़कर इन व्यक्तियों से पूछताछ करने पर एक ने अपना नाम सुभाष रावत पुत्र स्व रामेश्वर रावत, निवासी बेतिया, बिहार बताया तथा इस व्यक्ति की तलाशी लेने पर इस व्यक्ति के पास से 140 ग्राम नशीला पॉउडर बरामद दुसरे व्यक्ति ने अपना नाम राजेश राय ,पुत्र नरेश राय, निवासी जिला बेतिया, बिहार तथा इस व्यक्ति के पास से भी तलाशी के दौरान 130 ग्राम नशीला पॉउडर बरामद हुआ एवं तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम उमेश राउत, पुत्र वीरेंद्र राउत , निवासी जिला बेतिया, बिहार बताया तथा इसकी तलाशी लेने पर इसके पास से भी 120 ग्राम नशीला पॉउडर बरामद हुआ / इन तीनों व्यक्तियों को हिरासत में लेते हुए इन पर विधिक कार्यवाही करते हुए इनके विरुद्ध अपराध संख्या 106/2023 धारा 8/22 NDPS ACT के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। कुल बरामदगी पदार्थ की कीमत रु. 62700 आकी गई।

## गंगा स्नान करते समय एमएनएनआईटी के दो छात्र डूबे : तलाश में जुटी पुलिस और गोताखोर



प्रयागराज ब्यूरो : शिवकुटी थाना क्षेत्र के कोटेश्वर महादेव मंदिर के पास गंगा नदी में स्नान करने गए बीटेक के दो छात्र गहरे पानी में समा गए। छात्रों के डूबते देख साथ में स्नान करने गए दोस्तों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घाट पर मौजूद गोताखोरों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन दोनों का कहीं सुराग नहीं लगा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर पूछताछ कर रही है। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) में पढ़ने वाले बीटेक के पांच छात्र स्नान करने के लिए शिवकुटी क्षेत्र के कोटेश्वर महादेव मंदिर के सामने स्थित गंगा घाट पर गए थे। बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे स्नान करने के दौरान ही पांचों छात्र गहराई में चले गए और डूबने लगे। तीन छात्र किसी तरह से बाहर निकल आए, जबकि दीपेंद्र सिंह और विकास मौर्य गहराई में चले गए। दोनों को डूबते देख साथ में स्नान करने गए दोस्तों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास स्नान कर रहे लोग पहुंच गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों को तलाश की, लेकिन काफी देर बाद भी दोनों का कहीं सुराग नहीं मिला है। गंगा में डूबे दीपेंद्र और विकास बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र थे। दीपेंद्र राजस्थान के अलवर का रहने वाला था, जबकि विकास मौर्य मऊ जनपद का निवासी था। दोनों हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते थे।

## अन्तर प्रान्तीय 09 शातिर साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मड़ियाहूँ कोतवाली थाना व साइबर सेल की सयुंक्त टीम ने 09 शातिर अन्तर प्रान्तीय साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, कब्जे से 33 पासबुक,12 चेकबुक, 9 वोटर कार्ड, 7 आधार कार्ड, 4 पैन कार्ड, 3 श्रमकार्ड, 08 ।ज्ड कार्ड व 12600/– रूपये नकद तथा सम्बन्धित खातों में 64284 रुपया होल्ड कुल 76884 रुपया बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा चलाये जा रहे साइबर अपराध एवं अपराधियों के सम्बन्ध में विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण व दिशा निर्देशन में थाना मड़ियाहू व साइबर सेल जौनपुर की टीम द्वारा थानाक्षेत्र मड़ियाहूँ अन्तर्गत एक शिकायतकर्ता से साइबर ठगो द्वारा फोन कर खाते की निजी जानकारी प्राप्त कर कुल 5 बार में 99020 रुपया खाते से आनलाइन ठगी कर ट्रांसफर कर लिया गया था जिसमें थाना स्थानीय पर सुंसगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा दो टीमो को लगाया गया। जिसके क्रम में मंगलवार को साइबर सेल के तकनीकी सहयोग से अभियुक्तों की पहचान की गयी जिनकी लोकेशन जनपद अलीगढ़ में होना पाया गया। जिसपर पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशानुसार तत्काल थाना मड़ियाहूँ एवं साइबर सेल टीम को जनपद अलीगढ़ रवाना किया गया। जिसपर कार्यवाही करते हुए बुधवार को उक्त टीमों द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए कुल 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरान्त गुरुवार को विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में महेश बाबू पुत्र राम सिंह निवासी धौरी थाना अकराबाद जिला जौनपुर,अंशुल कुमार गौतम पुत्र श्याम सिंह निवासी खेडिया रफीमतपुर थाना अतरौली जिला अलीगढ़, विपिन कुमार पुत्र देवेन्द्र कुमार निवासी धौरी थाना अकराबाद जिला अलीगढ़ ,आशुतोष आनन्द उर्फ सोनू पुत्र अतर सिंह नि. धौरी थाना अकराबाद, जिला अलीगढ़, नितिन कुमार पुत्र साहब सिंह नि. चौधेरा थाना छतारी जिला बुलन्दशहर,अंकित पुत्र गेंदालाल निवासी चौधेरा थाना छतारी जिला बुलन्दशहर, महेश पुत्र सोम सिंह निवासी पिलखुनी थाना अतरौली जिला अलीगढ़,मृदुल पुत्र हरपाल सिंह निवासी उमरारा थाना डिबई जिला बुलन्दशहर,कपिल पुत्र विजयपाल



निवासी चौधेरा थाना छतारी जिला बुलन्दशहर प्रकाश में आए अभियुक्तों का विवरण– इंसाफ पुत्र इलियास निवासी भंडारा थाना जुरहरा जिला भरतपुर, राजस्थान। मनीष पुत्र धर्मपाल निवासी गढिया थाना अतरौली जिला अलीगढ़ प्रयोग में लाये गये मोबाइल नम्बरो व खातों को भिन्न दृभिन्न प्रान्तो/जनपदो को उपलब्ध कराते हुए उक्त अभियुक्तो के आपराधिक इतिहास पता लगाया जा रहा है। बरामदगी का विवरण 1. कब्जे से 33 पासबुक,12 चेकबुक, 9 वोटर कार्ड, 7 आधार कार्ड, 4 पैन कार्ड, 3 श्रमकार्ड, 08 ।ज्ड कार्ड व 12600/– रूपये नकद तथा सम्बन्धित खातों में 64284 रुपया होल्ड कुल 76884 रुपया बरामद। अपराध का तरीका उक्त गिरफ्तार साइबर जालसाज मुख्यतः चार टीम बनाकर साइबर अपराध को अन्जाम देते हैं–एक टीम अलग–अलग लोगों के खाते खुलवाती है जिनका उपयोग ठगी कर पैसा उन्ही खातों में मँगाया जाता है। इनको प्रत्येक खाता खुलवानें के लिए रूपया– 9000 मिलता है जिसमें से ये अपनी आईडी पर खुलवाने वाले व्यक्ति को रूपया 4000 रुपये मिलते हैं। एक टीम द्वारा फर्जी सिम प्रदान किया जाता है जिसमें ये लोग सिम दुसरो के नाम पर एक्टीवेट करके देते थे कई बार अगर कोई नया सिम लेने आता था तो ये बहाने से कई बार फोटो व अँगुठा लगाकर एक से अधिक सिम एक्टीवेट करके देते हैं जिसका पता सिम लेनें वाले व्यक्ति को भी नहीं होता। सिम प्राप्त करानें वाले व्यक्ति को रूपया 1000/– प्रति सिम कार्ड के हिसाब से मिलता है। एक टीम विभिन्न खातों के एटीमएम कार्ड व विभिन्न सिम मुख्य टीम को देते थे जिसके बदले उन्हे खाते के लिये 9000 रुपये प्रति खाते व सिम कार्ड के लिये 1500 रुपये प्रति सिम के हिसाब से मिलता था । इस टीम द्वारा एटीएम का उपयोग कर पैसा भी विभिन्न जगहो से निकाल कर कैश कर लिया जाता था । यह वह टीम है जो कि इस गिरोह का सरगना होती है इस टीम द्वारा लोगों को फोन काल कर उनको झासे में लेकर खाते की डिटेल प्राप्त कर/मोबाइल से ओटीपी आदि प्राप्त कर आम लोगों के खाते से पैसा उडाना एवं उपरोक्त तीन टीमों द्वारा प्राप्त खातों/सिमकार्ड का प्रयोग कर फ्राड किये गये पैसों को नकदी में बदलना एवं उक्त टीमों को उनके हिस्से का पैसा नकद में प्रदान करना।

## प्रत्याशी 03 माह के भीतर निर्वाचन से सम्बन्धित व्यय लेखा रजिस्टर वाउचर सहित जिला स्तरीय कमेटी को उपलब्ध कराये

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर जिलाधिकारी (वि0/रा०)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 में निर्वाचन लड़ने वाले समस्त प्रत्याशियों को अवगत कराया जाता है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ०प्र० लखनऊ द्वारा उम्मीदवारों द्वारा किये जाने वाले व्यय की अधिकतम सीमा का निर्धारण किया गया है, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद (25 से 40 वार्ड तक) अधिकतम व्यय सीमा 9,00,000 रुपये, सदस्य नगर पालिका परिषद के लिये 2,00,000 रुपये, अध्यक्ष नगर पंचायत के लिए 2,50,000 एवं सदस्य नगर पंचायत 50,000 रुपये है। आयोग के उक्त सन्दर्भित पत्र में उल्लेख किया गया है कि निर्वाचन समाप्त होने के उपरान्त सभी प्रत्याशियों द्वारा 03 माह के भीतर निर्वाचन से सम्बन्धित व्यय लेखा रजिस्टर वाउचर सहित जिला स्तरीय कमेटी को उपलब्ध कराया जाएगा। यदि किसी प्रत्याशी द्वारा निर्धारित अधिकतम व्यय सीमा से अधिक धनराशि व्यय की गयी पायी जाती है तो उसकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जाएगी। उक्त के क्रम में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 में निर्वाचन लड़ने वाले समस्त प्रत्याशियों से अपील की जाती है कि वे निर्वाचन में व्यय की गयी धनराशि से सम्बन्धित व्यय लेखा रजिस्टर बाउचर सहित निर्वाचन परिणाम घोषणा के तीन माह के अन्दर यानी 13 अगस्त 2023 तक जिला स्तरीय कमेटी को उपलब्ध करा दें, अन्यथा उनकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जाएगा।

# समर कैंप के सातवें दिन बच्चों ने किया पुलिस लाइन का भ्रमण

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मंगली पुरवा श्री डाल सिंह मेमोरियल मैं चल रहे समर कैंप के सातवें दिन बच्चों ने पुलिस लाइन का भ्रमण किया। वहां लगभग 2 घंटे रहे बच्चों ने पुलिस लाइन से संबंधित सभी जानकारियां प्राप्त की जिसमें 112 कंट्रोल रूम, गपशप कैफे, शिशु ग्रह तथा लाइब्रेरी के बारे में जानकारी की। इसके अलावा पुलिस लाइन में बने पार्क में बच्चों ने खूब मस्ती की। भ्रमण के बाद बच्चों को सभागार में ले जाया गया जहां पर सीओ लाइन विकास जासवाल, सीओ ट्रैफिक विनोद दुबे, आर आई राम सिंह, टीआई अनिल यादव ने बच्चों को साइबर क्राइम बचने की जानकारी दी गई। बच्चों को साइबर सेल के बारे में बारीकी से बताया गया आने वाली फर्जी कॉल से बचने के तरीके बताए गए। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण बिंदु सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दी। बिना नंबर प्लेट वाहन ना चलाएं, नाबालिग से वाहन ना चलवाएं, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, अपने वाहन की स्पीड की गति कम रखें, सड़क पर सदैव अपने बाएं तरफ चले आदि नियमों की जानकारी बच्चों को दी। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक अखिलेश सिंह तथा विद्यालय के प्रबंधक मुकेश सिंह



,शिक्षिका विनीता शुक्ला, कविता गुप्ता ,अर्पिता सिंह, नीलम राठौर ,सोनम शुक्ला, आरती वर्मा, शशिबाला ,रेखारानी आदि मौजूद रहे। मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में चल रहे समर कैंप में योग के द्वारा बच्चों को स्वस्थ रहने के नियमों के बारे में जानकारी दी तथा बच्चों को योगाभ्यास कराया गया। विद्यालय की योग शिक्षिका आरती वर्मा ने सभी बच्चों को योगासन की क्रियाओं द्वारा अपने शरीर को स्वस्थ बनाने व निरोग रखने के गुण सिखाए तथा बच्चों के द्वारा योगा कराकर उनको स्वस्थ रहने की जानकारी दी तथा प्रातः योगा करने के लिए सभी बच्चों से कहा।

## पिता ने अपनी पुत्री को बनाया हवश का शिकार : पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर थानांतर्गत के एक गांव में पिता पुत्री के रिश्ते को कलकित करने वाले पिता को मुंगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव में वहशी पिता द्वारा अपनी बेटी को ही काफी समय से हवश का शिकार बनाता रहा। बेटी के विरोध करने के बाद भी वह उसे डरा धमकाकर कर उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा । बाप की करतूतों से मां को बताने पर मां उसे ही झूठा करार देते हुए उसे ही डाट फटकार लगा दी जिससे तंग आकर बेटी ने बाप की करतूतों को कैमरे में कैद करने की योजना बना डाली। आरोप है कि बुधवार को एक बार फिर जब बाप अपनी बेटी को ही अपनी हवश का शिकार बनाने के लिए आतुर हो उठा तो बेटी ने होशियारी से मोबाइल फोन से वीडियो क्लिप चालू कर बाप की करतूतों को कैमरे में कैद कर लिया। बाप के चंगुल से मुक्त होने के बाद बेटी ने डायल 112 नंबर पुलिस को सूचना देने के साथ ही मुंगराबादशाहपुर थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी को भी फोन से सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने जांच–पड़ताल शुरू कर दी।बाप की हवश की शिकार बेटी ने बाप की करतूतों की वीडियो क्लिप थानाध्यक्ष को सौंप दी। जिसे देखकर उनके होश उड़ गए। थानाध्यक्ष ने हवशी पिता को पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाने पहुंचे। जहां हवश की शिकार बेटी की तहरीर पर पिता के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करने में जुट गए।इस बाबत थानाध्यक्ष विवेक तिवारी का कहना है कि बालिग बेटी पर पिता गंदी नजर पड़ गई वह लगातार दुष्कर्म करता रहा ।बेटी बाप की कारतूतों को जब कैमरे में कैद किया तब मामला सामने आ सका पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर रही है।

## भगवानदीनपुरवा में सुरेंद्र मिश्र की पुण्यतिथि पर होंगे विविध आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा।पूर्व सैनिक एवं अमर बलिदानी सुरेंद्र मिश्र की पुण्यतिथि पर शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र सदस्य



एवं विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री गोपाल जी मुख्य अतिथि होंगे। स्थानीय नगर पंचायत के समीप भगवानदीन पुरवा में शनिवार 20 मई को पूर्व सैनिक अमर बलिदानी सुरेंद्र मिश्र की पुण्यतिथि प्रातः 9:00 बजे मनाई जाएगी। इस अवसर पर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि एवं सभा का आयोजन होगा। उक्त कार्यक्रम के आयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र मिश्र एवं प्रशांत सुरेंद्र मिश्र ने संयुक्त रूप से बताया कि इस मौके पर कई वक्ता सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही है।

## नगर में 16 मई से 7 दिवसीय विशेष सफाई अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर जिलाधिकारी/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय ने अवगत कराया है कि वर्तमान समय में जनपद के सभी 12 नगर निकायों के 204 वार्डों में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार 16 मई 2023 से 07 दिवसीय विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत नगर निकायों द्वारा वार्डों में सफाई कर्मचारियों की बीटवार सफाई व्यवस्था लागू की गयी है। जिलाधिकारी द्वारा इस कार्य के गहन निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण हेतु जिलास्तरीय अधिकारियों की तैनाती भी की गयी है, जो निकाय के अधिशासी अधिकारी एवं सफाई निरीक्षक तथा सफाई कर्मियों के कार्यों का आकलन करते हुए रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ प्रस्तुत करेंगे। इस सम्बन्ध में नगर निकाय के निवासियों से अपील किया जाता है कि वे इस कार्य हेतु तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों को अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

## निःशुल्क कोचिंग सुविधा हेतु 31 मई तक करें ऑनलाइन आवेदन –राजमती

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमती ने कहा है कि मा0 मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत उ0प्र0 की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सेवा, पीसीएस, जेईई, सीडीएस, एसएससी, यूपीएसएससी, पीईटी आदि हेतु प्रतिभाशाली तथा उत्साही व इच्छुक विद्यार्थी निःशुल्क कोचिंग सुविधा प्राप्त करने हेतु साक्षात प्रशिक्षण 31 मई 2023 तक ऑनलाइन आवेदन करें तथा हार्ट कापी जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय विकास भवन, राजकीय आश्रम पद्वति विद्यालय कछौना तथा राजकीय आश्रम पद्वति विद्यालय चठिया धनवार में जमा करें और अधिक जानकारी के लिए मो0नं0– 9169414399, 9555930568 या 7007649985 पर सम्पर्क करें।

## पीसीएस–2022 का कटऑफ जारी : पद घटे तो बढ़ गई एसडीएम की मेरिट

प्रयागराज ब्यूरो : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) 2022 का पद एवं श्रेणीवार कटऑफ बुधवार को जारी कर दिया। आयोग ने मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार में अभ्यर्थियों को मिले अंक भी जारी किए हैं। आयोग की वेबसाइट पर कटऑफ 24 मई तक उपलब्ध रहेगा। पिछले वर्ष की तुलना में एसडीएम पद की मेरिट काफी ऊपर रही। इसके विपरीत डिप्टी एसपी के तीन गुना से अधिक पद होने के बावजूद न्यूनतम कटऑफ में बहुत अंतर नहीं रहा। आयोग ने 2021 में एसडीएम के 52 पदों पर भर्ती की थी। अनारक्षित वर्ग का न्यूनतम कटऑफ 898 अंक था। वहीं, 2022 में एसडीएम के 39 पदों पर भर्ती की गई। इसका असर मेरिट में देखने को मिला और अनारक्षित वर्ग का न्यूनतम कटऑफ 912 अंक रहा। हालांकि, टॉपर को कुल 940 अंक प्राप्त हुए हैं। इसी तरह 2022 में ओबीसी वर्ग के न्यूनतम 890 और अनुसूचित जाति वर्ग के 874 अंक पाने वाले अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जबकि, 2021 में ओबीसी की न्यूनतम मेरिट 879 और अनुसूचित जाति की 851 थी। 2021 में डिप्टी एसपी के 25 पदों पर भर्ती हुई थी, जबकि 2022 में 93 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। इसके बावजूद मेरिट में बहुत अंतर नहीं आया। 2022 में अनारक्षित वर्ग की न्यूनतम मेरिट 886 अंक गई है। हालांकि, इस पद के टॉपर को 912 अंक मिले हैं। इसके विपरीत 2021 में इस पद पर अनारक्षित वर्ग का कटऑफ 888 अंक रहा। 2022 में ओबीसी का न्यूनतम कटऑफ 860 और अनुसूचित जाति का 833 अंक रहा। 2021 में यह क्रमशः 862 और 836 अंक रहा था।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश में प्रधान और प्रबंध समिति के अध्यक्ष विद्यालय भवन की निगरानी करें –डॉ विनीता

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : परिषदीय विद्यालयों में 20 मई से 15 जून तक गर्मी की छुट्टियां रहेंगी। बच्चों के पठन–पाठन के अलावा और तमाम नसीहतों को गिनाते हुए बीएसए डॉ. विनीता ने गाइडलाइन जारी की है। उन्होंने कहा है कि छुट्टियों के दौरान बच्चों को पाठ्यक्रम के तहत होम वर्क दिया जाए, जिससे कि बच्चे सैर–सपाटा करने के साथ–साथ अपनी पढ़ाई भी जारी रखें। बीएसए डॉ. विनीता ने पत्रांक संख्या बीएसए/3922–26/2023–24 में जारी आदेश में कहा है कि शिक्षक और शिक्षिकाएं छुट्टी होने से पहले पाठ्यक्रम के तहत बच्चों को होमवर्क दें, जिससे कि उनके अंदर पढ़ने–लिखने का उत्साह बना रहे, साथ ही उनकी रुचि के मुताबिक सृजनात्मक कार्य भी दिया जाए। बीएसए ने आगे कहा है कि छुट्टियों में कोई बाहरी व्यक्ति विद्यालय को कोई नुकसान न पहुंचाए, इसके लिए प्रधान और प्रबंध समिति के अध्यक्ष के साथ समन्वय स्थापित करें। उन्होंने आगे कहा है कि विद्यालय के कक्षा–कक्षों को ठीक तरह से बंद कराए, धोखे से कहीं कोई जानवर आदि वहां रह न जाए। वहां बिजली के सारे स्विच ऑफ हो,पानी की



टोटिया ठीक से बंद हो। बीएसए ने कहा है कि इसमें किसी भी तरह की कोई ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीएसए डा.विनीता का कहना है कि छुट्टियों में जो छात्र–छात्राएं दिए गए होमवर्क को बेहतर तरीके से करें, विद्यालय खुलने पर उन छात्र–छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें पुरुस्कृत किया जाएगा।

# विधान परिषद चुनाव में मुकाबले से तय होगी जीत–हार : भाजपा का पलड़ा भारी

लखनऊ ब्यूरो : यूपी विधान परिषद की दो सीटों के लिए जीत–हार मुकाबले से होगी। सपा प्रत्याशी उतारने के फैसले के बाद दोनों सीटों के लिए अलग–अलग सभी विधायक मतदान करेंगे, क्योंकि दोनों सीटों का नोटिफिकेशन अलग–अलग हुआ है। ऐसे में सत्ताधारी दल का पलड़ा भारी होना तय तो माना जा रहा है, पर जीत–हार का फैसला मतदान से ही होगा। भाजपा ने विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य के इस्तीफे से और बनवारी लाल दोहरे के निधन से रिक्त हुई दो सीटों के लिए अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं। उसने मानवेंद्र सिंह और पदमसेन को अपना उम्मीदवार बनाया है। इन सीटों पर अपने प्रत्याशी का नामांकन कराने के वक्त सपा को यह भी बताना होगा कि लक्ष्मण आचार्य के इस्तीफे से रिक्त सीट पर उसने किसे उतारा है और बनवारी लाल दोहरे के निधन से रिक्त सीट पर किसे प्रत्याशी बनाया है। इस चुनाव में सभी विधानसभा सदस्य मतदान करेंगे। भाजपा और सपा के प्रत्याशी उतारने पर प्रत्येक सीट पर दो प्रत्याशी हो जाएंगे, जबकि प्रत्येक सीट के लिए विधानसभा के सभी 403 सदस्य मतदान करने के अधिकारी होंगे। यानी, एक सीट पर दो प्रत्याशी और 403 मतदाता होंगे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना



ने बताया कि उप चुनाव समानुपातिक मतों के आधार पर नहीं होता है, बल्कि इसमें निर्णय बहुमत के आधार पर होता है। यानी, जिस प्रत्याशी को ज्यादा वोट मिलेंगे, वही विजयी होगा। यहां बता दें कि विधानसभा में भाजपा गठबंधन के 274, सपा गठबंधन के 118 सदस्य हैं। जबकि, सुभासपा के छह, बसपा के एक, कांग्रेस और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के दो–दो सदस्य हैं। इस चुनाव में यह भी दिलचस्प होगा कि सुभासपा, बसपा और कांग्रेस का क्या रुख रहता है, क्योंकि ये दल अपने प्रत्याशी उतारने की स्थिति में नहीं हैं।

## होटल रेस्टोरेण्ट के विरूद्ध चलाये गये विशेष प्रवर्तन अभियान अन्तर्गत कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में सूचना

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी महोदय के आदेश के क्रम में जनपद जौनपुर स्थित समस्त होटल/रेस्टोरेण्ट/ढ़ाबा परिसर में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के मानको का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के लिये सुधारात्मक कार्यवाही के अन्तर्गत होटल/रेस्टोरेण्ट/ढ़ाबा के सघन निरीक्षण करते हुए प्रवर्तन कार्यवाही करने के उद्देश्य से जनपद जौनपुर में 18 मई 2023 से 22 मई 2023 तक खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष छापामार अभियान चलाया जा रहा है। उपरोक्त कार्यवाही के अन्तर्गत 18 मई 2023 को खाद्य सचल दल द्वारा जनपद के विभिन्न तहसीलों के अन्तर्गत स्थित कुल 11 प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया तथा अलग–अलग प्रतिष्ठानो से सन्देह के आधार जनहित में विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल–06 नमूनें जांच हेतु संग्रहीत करते हुए खाद्य विश्लेषक को प्रेषित किया गया। समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील किया जाता है कि आप लोग खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य कारोबार संचालन हेतु अनिवार्य वैधा खाद्य पंजीकरण/खाद्य अनुज्ञप्ति अवश्यक प्राप्त कर लें तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं सम्बन्धी विनियम 2011 में विहित प्राविधानों का अनुपालन करते हुए खाद्य कारोबार का संचालन करें, जिससे कि उपभोक्ताओं को पौष्टिक, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वास्थ्यप्रद खाद्य/पेय पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके अन्यथा कि स्थिति में पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध नियमानुसार सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही किया जाएगा। उक्त जानकारी सहायक आयुक्त (खाद्य)–द्वितीय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने दिया।

## स्पा और मसाज सेंटरों को तेल–दवा के लिए लेना होगा लाइसेंस : तैयार की जा रही गाइडलाइन

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में स्पा और मसाज सेंटरों पर शिकंजा कसने की तैयारी है। इन सेंटरों पर मसाज तेल व अन्य आयुर्वेदिक दवाएं रखने के लिए आयुर्वेद विभाग में पंजीयन कराना होगा। सेंटर पर कार्य करने वाले फिजियोथेरेपिस्ट, पंचकर्म विशेषज्ञ व अन्य के बारे में भी जानकारी देनी होगी। इसके लिए नए सिरे से गाइडलाइन तैयार की जा रही है। प्रदेश में बड़ी संख्या में स्पा व मसाज सेंटर चल रहे हैं। कई जगहों पर इसकी आड़ में यौन शोषण और तस्करी की घटनाएं भी सामने आई हैं। इतना ही नहीं मनमानी तरीके से आयुर्वेदिक एवं यूनानी तेलों का प्रयोग करने से उसके दुष्प्रभाव की आशंका रहती है। ऐसे में दिल्ली की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी नई नियमावली तैयार की जा रही है।अब मेडिकल स्पा सेंटर का संचालन करने के लिए अलग से पंजीयन कराना होगा। इसमें काम करने वाले आयुर्वेदिक व यूनानी चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट, एक्यूप्रेशर या ऑक्यूपेशनल थेरेपी देने वाले कर्मचारी को अपनी डिग्री व डिप्लोमा का प्रमाण पत्र भी दिखाना होगा। उसी आधार पर उनका पंजीयन किया जाएगा। प्राकृतिक तेलों के बजाय न हो केमिकल का प्रयोग स्पा सेंटर में कई तरह की मसाज, बाथ, योग, मेडिटेशन व नेचरल फूड के जरिए शरीर से जहरीले पदार्थ को बाहर निकाला जाता



है। स्पा में तमाम प्राकृतिक तेलों का प्रयोग किया जाता है, लेकिन तनाव व थकान मिटाने के लिए तमाम सेंटर विभिन्न केमिकल आधारित तेलों का प्रयोग करते हैं। यह नुकसानदेह हो सकता है। वहीं मेडिकल स्पा में जड़ी बूटी आधारित तेल का प्रयोग किया जाता है। यह आयुर्वेदिक डॉक्टर की देखरेख में होना चाहिए। स्पा में पंचकर्म भी आता है। इसके लिए संबंधित विषय का जानकार होना जरूरी है। लेकिन, तमाम सेंटर इसकी आड़ में विभिन्न कंपनियों की दवाओं का प्रयोग करते हैं।

# गोरखपुर माफिया अजीत शाही ने कोर्ट में किया सरेंडर : कर चुका है बड़े–बड़े कांड

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर का 25 हजार रुपये का इनामी माफिया अजीत शाही ने गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस और एसटीएफ को उसकी तलाश कई दिनों से थी। बता दें कि बुधवार को एसएसपी ने इनाम की राशि बढ़ाने के लिए आईजी के पास फाइल भेज दी थी। माफिया अजीत शाही का गैंग डी–4, वर्ष 2010 में पुलिस में रजिस्टर्ड है। माफिया के ऊपर पहला केस 1991 में मारपीट और धमकी का दर्ज हुआ था। उसके बाद शहर के कैंट, खोराबार, शाहपुर, गुलरिहा, गोरखनाथ और खामपार दिवरिया मिलाकर कुल 33 मुकदमें दर्ज हैं। अंतिम मुकदमा वर्ष 2016 में खोराबार थाने में दर्ज हुआ था। इन मुकदमों में से कई में माफिया अजीत शाही कोर्ट से बरी भी हो चुका है। रेलवे कोऑपरेटिव बैंक में तीन मई को हुए विवाद के मामले में 12 मई को समझौता करने गए माफिया अजीत शाही व अन्य लोगों पर बैंक के सहायक सचिव धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बैंक के अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर धमकी सहित अन्य धाराओं में शाहपुर थाने में केस दर्ज कराया है। कर्मचारियों ने



कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष अनिल सिंह विशेन को पूरी घटना का मास्टर माइंड बताया था और अनिल सिंह द्वारा ही अजीत शाही को बुलाने की बात कही गई थी। एसएसपी ने अजीत शाही पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया है। अब इनाम राशि को 50 हजार रुपये करने के लिए बुधवार को एसएसपी ने आईजी के पास फाइल भेज दी है।

# लखनऊ में बनेगी देश की पहली नाइट सफारी : नए चिड़िया घर का भी होगा निर्माण

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी लखनऊ में देश की पहली नाइट सफारी और नए चिड़ियाघर के स्थापना की सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) ने कुकरैल के जंगलों में दोनों की स्थापना के लिए 15 मई को अनुमति पत्र जारी कर दिया है। इसे प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। कैबिनेट ने पिछले साल अगस्त में कुकरल में नाइट सफारी बनाने और राजधानी के चिड़ियाघर को भी वहीं स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी थी। तभी से वन विभाग इनकी स्थापना के लिए सभी तरह की एनओसी हासिल करने व औपचारिकताएं पूरी करने में लगा हुआ था। कुकरैल के जंगल 2027. 46 हेक्टेअर में फेले हुए हैं। यहां 350 एकड़ में सिंगापुर की तर्ज पर देश की पहली नाइट सफारी तैयार होगी। 150 एकड़ में प्राणि उद्यान बनेगा। 1000 एकड़ जमीन ऐसी चिह्नित की गई है, जिससे वनक्षेत्र के मूल स्वरूप को कोई नुकसान नहीं होगा। 1500 करोड़ रुपये की लागत आएगी दोनों परियोजनाओं पर करीब 1500 करोड़ रुपये की लागत आएगी।



सीजेडए का अनुमति पत्र मिलने के बाद अब वन विभाग परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए किसी अंतरराष्ट्रीय स्तर के सलाहकार की सेवाएं लेगा। सलाहकार नियुक्त करने के लिए भी खुली निविदा से प्रस्ताव मांगे जाएंगे। ये कार्य इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में किए जाएंगे। यानी, जो फर्म नाइट सफारी व चिड़ियाघर की स्थापना का ठेका लेगी, उसे तय मानकों पर सभी काम खुद करना होगा। इसके लिए ग्लोबल टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे, क्योंकि कोई विशेषज्ञ एजेंसी अभी देश में इस काम के लिए मौजूद नहीं है।

# लोनिवि मंत्री ने किया विभाग से जुड़े विकास परियोजनाओं की समीक्षा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) लोक निर्माण मंत्री उ0प्र0 जितिन प्रसाद ने अयोध्या में संचालित लोक निर्माण विभाग की विभिन्न विकास परियोजनाओं यथा रामपथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ अयोध्या सुल्तानपुर मार्ग (एन0एच0 330) से एयरपोर्ट मार्ग, अयोध्या से अकबरपुर बसखारी मार्ग, एन0एच0 27 बाईपास से मोहबरा टेढ़ीबाजार मार्ग, मयाबाजार फोरलेन बाईपास, गोशाईगंज बाईपास, बिल्हरघाट बंधा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, पंचकोसी एवं चौदहकोसी मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण सम्बंधी कार्य, रेलवे ओवरब्रिजों की प्रगति की समीक्षा किया। इस बैठक में उन्होंने जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित मार्गो से सम्बंधित कार्यो आदि के प्रगति की सर्किट हाउस स्थित सभागार में सांसद अयोध्या लल्लू सिंह,विधायक अमित सिंह चौहान, विधायक रामचन्दर यादव, नवनिर्वाचित महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिलाधिकारी नितीश कुमार आदि की उपस्थिति में गहन समीक्षा की।बैठक में मंत्री ने कहा कि अयोध्या धाम का विकास केन्द्र एवं राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। इस अवसर पर मंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति में और तेजी लाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित किया। उन्होंने समस्त कार्यो को अपेक्षित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम के समस्त कार्यो को शीर्ष प्राथमिकता पर रखकर पूर्ण करायें। निर्माण कार्यो में किसी भी स्तर पर ढिलाई अथवा गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर तत्काल जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मंत्री ने एक–एक करके समस्त परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की तथा उसमें आ रही बाधाओं के कारणों को जानकर उसका समाधान कराया जाय।उन्होंने रामपथ एवं भक्ति पथ पर कम से कम दो शिफ्टों में पर्याप्त मेनपावर लगाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य कराने हेतु ठेकेदार को निर्देशित किया साथ ही लोक निर्माण विभाग को रोजाना की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बारिश से पूर्व सीवर लाइन, वाटर पाइप लाइन, डेन डक्ट आदि कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये।उन्होंने विभिन्न पथों पर कार्य के दौरान आवागमन की व्यवस्था की सुदृढ़ रखने हेतु पीडब्लूडी व सम्बंधित ठेकेदार को निर्देशित किया।बैठक के उपरांत मंत्री द्वारा सम्बंधित अधिकारियों के साथ विभिन्न पथों एवं विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

# गोरखपुर में हादसा: शोहदे के धक्के से बुजुर्ग की मौत : केस दर्ज कर आरोपी को लिया हिरासत में

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में गोला थाना क्षेत्र के एक गांव में छेड़खानी का विरोध करने पर शोहदे ने बुजुर्ग दादा को धकेल दिया। मंगलवार को मौत के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। बुधवार को सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मृत बुजुर्ग के शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस ने बुजुर्ग के बेटे की तहरीर पर छेड़खानी व गैर इरादतन हत्या की धारा में केस दर्ज कर आरोपी शोहदे को हिरासत में ले लिया। हालांकि, पोस्टमार्टम में मौत के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है। डॉक्टरों ने विसरा सुरक्षित कर लिया है। अब विसरा जांच के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट होगी। जानकारी के मुताबिक, सोमवार को गांव में एक शादी थी। किशोरी अपनी छोटी बहन के साथ गांव में आए बरात में नाच देखने गई थी। रात करीब बारह बजे वह घर लौटी। जैसे ही अपने घर में दाखिल हुई, उसी समय पड़ोस का एक अधेड़ घर में दाखिल हो गया। अंधेरे का फायदा उठाकर उसने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और किशोरी को इसकी भनक भी नहीं लगी। इसके बाद आरोपी ने दुष्कर्म की कोशिश की। जिस कमरे में वह घुसा था, उसमें पहले से उसकी दो बहनें और एक भाई भी सोया हुआ था। सभी ने पड़ोसी को देखकर शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद बगले के कमरे में सो रहे 60 वर्षीय दादा शोर सुनकर आए और दरवाजा खुलवाने लगे। पकड़े जाने के डर से आरोपी ने दरवाजा खोल कर भागने लगा। आरोप है कि इसी दौरान शोहदे ने बुजुर्ग को धक्का मार दिया और उनकी मौत हो गई। मौत के बाद बुधवार को पुलिस को सूचना दी गई।

# खोराबार टाउनशिप में फ्लैट की साइज और डिजाइन बदली : 19 से शुरू होगा पंजीकरण

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की खोराबार टाउनशिप योजना के फ्लैट की साइज और डिजाइन में कुछ बदलाव किया गया है। यह बदलाव मिनी एमआईजी और एमआईजी के फ्लैट में दिखाई पड़ेगा। पहले की डिजाइन में मिनी एमआईजी में एक बेडरूम, एक स्टडी रूम व एक हॉल शामिल था। अब इसमें से स्टडी रूम की व्यवस्था खत्म कर इसे टू–बीएचके बनाया जाएगा। इसी तरह एमआईजी फ्लैट को टू बीएचके की जगह थ्री बीएचके बनाया जाएगा। डिजाइन बदलने के साथ ही दोनों ही तरह के फ्लैट के आकार में भी करीब पांच वर्ग मीटर तक की बढ़ोतरी हो सकती है। देवरिया बाईपास किनारे खोराबार क्षेत्र में लांच हुई इस योजना में भूखंड के साथ ही प्राधिकरण ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, मिनी एमआईजी एवं एमआईजी फ्लैट बनाएगा। अभी इसकी दर सार्वजनिक नहीं की गई है। इसी संबंध में बृहस्पतिवार को



बोर्ड बैठक आयोजित की गई है, जिसमें इनके दरों पर मुहर लगेगी। इसके बाद 19 से प्राधिकरण खोराबार टाउनशिप एवं मेडिसिटी योजना के तहत भूखंड और फ्लैट आदि के लिए पंजीकरण शुरू कर देगा। उधर, मानबेला में प्रस्तावित रोहिणी एन्क्लेव के भी फ्लैट की डिजाइन व साइज में इसी तरह बदलाव किया गया है। जीडीए उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि खोराबार टाउनशिप एवं रोहिणी एन्क्लेव के ले–आउट में कुछ संशोधन किया गया है। 18 मई को आयोजित बोर्ड बैठक में रेट पर सहमति बन जाने के बाद 19 मई से पंजीकरण खोल दिया जाएगा।

# जीआरपी ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जीआरपी ने शातिर चोर को प्लेटफार्म नंबर एक से गिरफ्तार किया।गुरुवार को थानाध्यक्ष जीआरपी अयोध्या कैंट सूर्य प्रकाश शुक्ला ने उप निरीक्षक अभिषेक शुक्ला की मदद से थाना जीआरपी अयोध्या कैंट से एक सक्रिय अपराधी / शातिर किस्म का चोर– बजरंगी बेलदार उर्फ महेश पुत्र स्वर्गीय दयाराम निवासी कुढ़ा केशवपुर दर्शननगर थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या को सुबह साढ़े सात बजे अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से गिरफ्तार कर जेल भेजा।पुलिस ने उनके पास से मोबाइल व नगदी बरामद किया।

# बंजर जमीन पर छाई हरियाली: अगर जिद जुनून और जज्बा हो तो मिट्टी भी उगले 'सोना'

गोरखपुर ब्यूरो : जज्बा और जुनून हो तो मिट्टी भी –सोना– उगल सकती है। बंजर जमीन पर पसीना बहाकर बरेली के किसानों ने इसे साबित किया है। सैकड़ों किलोमीटर दूर से गगहा ब्लॉक के सहुआकोल गांव में डेरा जमाए किसानों की उगाई सब्जियां गोरखपुर और आसपास के इलाकों के लोगों का स्वाद बढ़ा रही हैं। वहीं इसके जरिए किसानों की लाखों की आमदनी भी हो रही है। सात सौ किमी दूर बरेली से आए छह परिवारों की जीवटता से रेतीली जमीन उपजाऊ बन गई है। तेज हवा चलने पर जहां कभी धूल का गुबार उठता था, वह इलाका हरित क्षेत्र बन गया है। यहां से कई जिलों के लोगों को हरी सब्जियां खाने को मिल रही हैं। गगहा ब्लॉक के आखिरी छोर पर राप्ती नदी के किनारे सहुआकोल गांव बसा हुआ है। नदी के किनारे की जमीन रेतीली है। यहां पर खेती न होने के कारण खर उपजता था। वह खर छप्पर बनाने के काम आता है। बहुत से लोग उसे बेचकर थोड़ी सी आमदनी कर लेते थे। लेकिन, बरेली से अपने छह साथियों के साथ आए याकूब ने 80 एकड जमीन को लीज पर लेकर खेती शुरू की। अब हरी सब्जियां उगाकर यह साबित कर दिया कि जज्बा हो तो कहीं, कुछ भी पैदा किया जा सकता है। इनके घरों में पीढ़ियों से होती है सब्जी की खेती बरेली जिले के फतेहगंज इलाके के मूल निवासी याकूब ने बताया कि सब्जी की खेती का उनका पुश्तैनी धंधा है। उनके बाप–दादा ने पहले पंजाब, राजस्थान में नदी के किनारे सब्जी की खेती शुरू की। खेती बाड़ी का हुनर सीखने के बाद अब वे गोरखपुर–बस्ती मंडल में नदी के किनारे खेती कर रहे हैं। यहां खेती करने के इरादे को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि पहले उनकी सब्जियां बरेली, शाहजहांपुर से गोरखपुर मंडी में आती थीं। उसी बीच उन लोगों का संपर्क आढ़तियों से हुआ। पहले फोन पर बात हुई फिर यहां आए। सबसे पहले सिद्धार्थनगर में सब्जी की खेती शुरू की। अब गोरखपुर आए हैं। पहले पूर्व मेयर अंजू चौधरी के नदुआ स्थित गांव में सब्जी की खेती शुरू की। उसके



बाद लालपुर टीकर, डोमिनगढ़ में। याकूब का कहना है कि वह विगत 20 सालों से गोरखपुर जिले में सब्जी की खेती करते हैं। चार हजार रुपये प्रति एकड़ पर है एक साल का एग्रीमेंट याकूब के साथ आए बशीर अहमद, मोहम्मद शमी, सईद अहमद ने बताया कि कुछ लोगों ने संपर्क किया और जमीन दिखाई। हम लोगों को जमीन पसंद आ गई तो यहां पर सब्जी की खेती को तैयार हो गए। बताया कि यहां पर एक जज साहब की सबसे अधिक जमीन करीब 40 एकड़ है। उनके अलावा राधेश्याम दुबे, दिग्विजय दुबे की जमीन पर भी खेती कर रहे हैं। जिस जमीन पर सब्जी उगाए हैं, उस पर पहले खर–पतवार थे। उसे निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। चार हजार रुपये प्रति एकड़ में खेत मिला है और खेती में लागत 12 से 13 हजार रुपये प्रति एकड़ आई है। 20 किमी दूर से लाए हैं गोबर की खाद सब्जी की खेती कर रहे याकूब व बशीर ने बताया कि खेत में खर को निकालने के लिए उन लोगों को कई महीने तक जेसीबी चलवानी पड़ी। खर को निकालने के बाद खेतों की काफी जुताई की गई है। खेतों में डालने के लिए 2000 रुपये ट्राली गोबर की खाद लाए। करीब 8 लाख की गोबर की खाद खेतों में डाला है। गोबर की खाद लाने के लिए 20 किलोमीटर तक गांव –गांव जाना पड़ा। तब जाकर यह रेत का मैदान ,जहां केवल खर उगता था आज हर तरफ हरियाली दिख रही है। दिवाली के बाद से जुटे हैं खेती में सब्जी की खेती करने वालों ने बताया कि वह लोग दिवाली के बाद यहां आ गए। उसके बाद खेती में जुट गए। होली के आसपास सब्जी निकलने लगती हैं। शुरुआती दौर में रेट ज्यादा रहता है। अधिक सब्जी निकलने पर बाजार नरम हो जाता है। इस साल अधिक पूंजी लगने के फायदा ज्यादा नहीं है। लेकिन, अब मुनाफा होने की उम्मीद है। याकूब ने बताया कि उनकी सब्जी गोरखपुर, कसयां, देवरिया, आजमगढ़, मऊ की मंडी में जाती है।

# घर के पास नीम के पेड़ से युवक ने फांसी लगाकर दी जान

प्रयागराज ब्यूरो : परिवारिक कलह से तंग आकर युवक ने नीम के पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी। पत्नी को उसके मयके पहुंचा कर आया और अपनी बाइक एक एक परिचित को देकर कहा कि घर पहुंचा देना। फिर एक नीम के पेड में उसकी झूलती हुई लाश ग्यारह बजे देखी गई। सूचना पर परिजन पहुंच कर रोने बिलखने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर चारपाई पर रखवा दिया। परिजनों ने यह लिखित दिया कि वह कोई कार्यवाही नहीं चाहते न ही पोस्टमार्टम कराना चाहते हैं। पुलिस ने पंचायतनामा लिखित लेकर शव परिजनों को सौंप दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चौहान का पूरा निवासी रोहित कुमार सिंह (25) पुत्र केसरी प्रसाद सिंह की शादी जौनपुर के धीरौची ऊंचडीह निवासी लहुरी सिंह की पुत्री सीमा देवी के साथ पांच जून 2022 को हुई थी। बताते हैं कि रोहित कुमार सिंह गुजरात में पुल आदि में सरिया बांधने का काम करता था। छह दिन पूर्व घर चौहान का पूरा आया था। वह पांच बहनों दो भाईयों में छोटी बहन अविवाहित परमीला से बडा था। बडा भाई मनोज कुमार अपने परिवार के साथ अलग रहता है। रोहित कुमार अपनी पत्नी सीमा देवी, माता फूला देवी और विकलांग पिता केसरी प्रसाद सिंह, अविवाहित बहन परमीला के साथ रहता था। पत्नी को पहुंचाकर आया था ससुराल बुधवार को शाम के समय रोहित कुमार अपनी पत्नी सीमा देवी को



उसके मयके बाइक से छोड कर गुरुवार को सुबह आया तथा घर न आकर बाइक एक परिचित को दिया कि इसे घर पहुंचा देना। बताया गया है कि बाइक तो घर आ गई लेकिन रोहित घर नहीं आया। गुरुवार को लगभग ग्यारह बजे ग्रामीणों ने तिलक का पूरा में एक नीम की डाल में रस्सी से झूलती हुई लाश देख कर ग्रामीणों का मजमा लग गया। मौके पर इंस्पेक्टर सुरेश सिंह, सब इंस्पेक्टर संजय मौर्या हमराही पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर शव उरवा कर चारपाई पर रखवा दिए। इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने बताया कि परिजनों ने यह लिखित दिया है कि वह कोई कोई कानूनी कार्यवाही नहीं चाहते हैं न ही पोस्टमार्टम कराना चाहते हैं। पुलिस ने शव का पंचयतनामा लिखित लेकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन के शव का देर शाम अंतिम संसकार कर दिए।

# हाईकोर्ट ने एम्स गोल्फ एवन्यू अपार्टमेंट ओनर एसो. के चुनाव पर लगाई रोक



प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एम्स गोल्फ एवन्यू अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन का चुनाव कराने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने फर्म, सोसायटी एवं चिट्स उप्र. के निबंधक और उप निबंधक मेरठ को 25 मई को हाजिर होने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने नोएडा से सेक्टर–75 स्थित इस अपार्टमेंट में जरूरी सुविधाओं और बिल्डर को जारी निर्माण पूरा होने संबंधी प्रमाणपत्र की बाबत भी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। चुनाव कराने का आदेश उप निबंधक मेरठ ने चार मार्च 2023 को दिया था। यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट ने एम्स प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याची का कहना है कि फ्लैट स्वामियों की सोसायटी का पंजीकरण उप निबंधक ने नौ दिसंबर 2022 को निरस्त कर दिया है। इसे फ्लैट स्वामियों ने चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने याचिका निस्तारित करते हुए उप निबंधक मेरठ को नियमानुसार तीन हफ्ते में आदेश पारित करने का निर्देश दिया। इस पर उप निबंधक ने सोसायटी एक्ट की धारा 25 (2) के तहत सोसायटी का चुनाव कराने का आदेश दिया। इसे बिल्डर की कंपनी ने चुनौती दी है। याची के अधिवक्ता का कहना है कि जब सोसायटी का पंजीकरण निरस्त हो चुका है और वह आदेश अभी तक वापस नहीं लिया गया तो उप निबंधक को सोसायटी का चुनाव कराने का आदेश जारी करने का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने इसे विचारणीय माना है और चुनाव कराने के आदेश पर रोक लगाते हुए निबंधक व उप निबंधक को तलब किया है। याचिका पर अगली सुनवाई 25 मई को होगी।

# कंपनी बाग में हत्या का मामला : 19 मिनट में हत्या कर मौके से भाग निकला था हत्यारा : सीसीटीवी से खुलासा

प्रयागराज ब्यूरो : कंपनी बाग में इरम सिद्दीकी (32) की हत्या की वारदात महज 19 मिनट के भीतर अंजाम दी गई थी। इस अवधि में हत्यारा मौके से भाग भी निकला था। मृतका की कॉल डिटेल रिपोर्ट और कंपनी बाग के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से यह खुलासा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, मृतका की आखिरी कॉल सुबह 09.59 मिनट पर थी जिसमें लगभग छह मिनट तक बात हुई थी। कॉल डिसकनेक्ट होने का समय 10.05 मिनट था। इसके बाद उसकी किसी से बात नहीं हुई। यानी यह वह समय है जब तक वह जीवित थी। इसके बाद झूंसी निवासी एक महिला व उसका बेटा 10.24 मिनट पर मजार की तरफ जाते हैं और कुछ ही देर बाद तेज कदमों से बाहर की ओर वापस लौटते फुटेज में दिखाई देते हैं। इसके कुछ देर बाद ही उनके साथ मुजावर मजार की ओर जाता है और फिर तीनों वापस चले आते हैं। फिर कुछ देर बाद ही झूंसी निवासी मुख्य मुजावर आता है और इसके बाद उसके सूचना देने पर पुलिस पहुंचती है। इस तरह सीसीटीवी फुटेज व कॉल डिटेल रिपोर्ट से यह साफ है कि हत्यारे ने महज 19 मिनट के भीतर वारदात को अंजाम दिया और फिर वहां से फरार हो गया। कंपनी बाग के कर्मचारियों–सुरक्षा गार्डों से पूछताछ उधर पुलिस ने बुधवार को कंपनी बाग के कर्मचारियों व सुरक्षा गार्डों से एक–एक कर पूछताछ की। हालांकि वह भी कुछ बता नहीं पाए। उधर हिरासत में लिए गए मुजावर व एक अन्य से भी पूछताछ जारी रही। कंपनी बाग में महिला की हत्या में जोड़ तीन दिन बाद भी नहीं हुआ बयान उधर इस मामले में इंस्पेक्टर की जांच के आदेश के बाद भी अब तक कार्रवाई नहीं शुरू हो की है। उनका बयान भी नहीं दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि इस मामले में प्रथमदृष्टया लापरवाही सामने आने पर इंस्पेक्टर की जांच के आदेश देने की बात सामने आई है।

# 174 पार्षद प्रत्याशियों को 50 वोट के भी पड़ गए लाले

प्रयागराज ब्यूरो : निकाय चुनाव में जहां इस बार भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों ने जहां रिकार्ड 56 वार्ड में जीत हासिल की तो वहीं चुनाव पूर्व अपनी–अपनी जीत का दावा करने वाले विभिन्न वार्ड के 174 प्रत्याशी 50 वोट का भी आंकड़ा पार न कर सके। कुल 17 पार्षद प्रत्याशी ऐसे रहे जिन्हें दस से भी कम मत मिले। प्रयागराज नगर निगम के 100 वार्ड में इस बार 909 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई। पिछले सप्ताह 13 मई को हुई मतगणना के बाद भाजपा ने सर्वाधिक 56 वार्ड जीते। दूसरे नंबर पर 18 निर्दलीय प्रत्याशी एवं तीसरे नंबर सपा रही, जिसके कुल 16 पार्षद प्रत्याशियों ने चुनाव जीता। हालांकि वार्ड वार आंकड़ों पर गौर करें तो 290 प्रत्याशी 100 वोट भी हासिल नहीं कर सके। वहीं 17 प्रत्याशी दहाई अंक का भी आंकड़ा पार न कर सके। दस से कम मत पाने वालों की बात करें तो वार्ड संख्या 08 तेंदुआवन से चंपा कली को 09, वार्ड संख्या नौ सोनौटी से सूरजभान को 08, वार्ड 15 जयंतीपुर आम आदमी पार्टी के रविंद्र नाथ सिंह को 06, वार्ड 35 झलवा से जयश्री को 09, वार्ड 37 शांतिपुरम से नजमा बानो को 06, वार्ड 45 छतनाग से अवधेश यादव को 09, वार्ड 49 ट्रांसपोर्ट नगर से नेहा यादव को 02, वार्ड 50 कटका से रशिता और विवेक को 5–5 वोट मिले। इसी तरह वार्ड 53 चक निरातुल से मदजबीन को 08, वार्ड 54 राजरूपपुर से नूर फातमा को 07, वार्ड 57 काशीराज नगर से प्रिया केसरवानी को 06, वार्ड 82 करेलाबाग रेशमा को 09, वार्ड 92 बख्शी बाजार से मो. रोशन को 07, वार्ड 97 चौक गंगादास में मो. अरमान को 03 ,वार्ड 99 गुरु तेग बहादुर नगर में नूरजहां को 07 एवं वार्ड 100 अटाला में मो. हसीन को कुल 08 मत ही मिले। ये सभी प्रत्याशी अपने–अपने वार्ड में मत पाने में सबसे पीछे रहे। वार्ड 75 झूंसी कोहना से मनीष को मिला सिर्फ एक मत निकाय चुनाव में वार्ड 75 झूंसी कोहना से मनीष नाम के प्रत्याशी को सिर्फ एक मत ही मिला। पार्षद चुनाव में मत पाने के मामले में मनीष सभी 100 वार्ड में चुनाव लड़ने वाले 909 प्रत्याशियों में सबसे पीछे रहे। वहीं दूसरी ओर कुल 18 वार्ड ऐसे रहे जहां किसी भी प्रत्याशी के 100 से कम मत नहीं रहे।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।